तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के हितग्राही हुए सम्मानित



## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री ने मां नर्मदा का किया पूजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित मां नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां नर्मदा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान उप संचालक पशु पालन डॉ.बीबी चौधरी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, मां नर्मदा मंदिर के पुजारी तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हिंदू सम्मेलन में दिखी राष्ट्रभक्ति की झलक

**बिजुरी।** स्थानीय सब्जी मंडी ग्राउंड में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रखर वक्ताओं के बौद्धिक उद्बोधन के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस आयोजन की सबसे खास बात सामाजिक समरसता रही जहां सभी जातियों के नागरिकों का सम्मान कर एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के प्रांत सह-बौद्धिक प्रमुख उमेश मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट निर्माण और हिंदू समाज की एकजुटता पर बल दिया। उनके साथ ही जया मिश्रा, प्रदीप शास्त्री और मोहनी वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वक्ताओं ने धर्म, संस्कृति और देश प्रेम के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। सम्मेलन से पूर्व नगर में भव्य रैली निकाली गई। आयोजन में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सम्मिलित हुए। उनके साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, जिला मंत्री भूपेन्द्र महरा और मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा कैलाश कोल सहित आरएसएस के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** मुसलमानों का महत्वपूर्ण त्यौहार शबे बरात को मनाए जाने के संबंध में अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शबे बरात 3 फरवरी को मनाया जाएगा। 3 फरवरी को रात 9 बजे से सभी मस्जिदों में तिलावत एवं तकरीर होगा जो पूरी रात तड़के 4 बजे तक होगा। मुसलमानों के लिए शबे बरात की रात बहुत ही मुबारक रात होता है, मान्यता है कि इस रात की दुआ कुबूल होती है। रात 8 बजे से रात 12 बजे तक ज्यादातर लोग कब्रिस्तान जाते है। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन वक्फ ने पेयजल, ट्रैफिक, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा व्यवस्था हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सीतापुर।** देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक एवं एक युवती बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें देर रात उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया एवं गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना ग्राम रजौटी में देर रात 12 बजे के आसपास की है। शादी समारोह से दो युवक एवं एक युवती देर रात बाइक से घर वापस लौट समय उनकी तेज रफ्तार बाइक ग्राम रजौटी में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में घायल तीनो को देर रात उपचार हेतु हॉस्पिटल लाया गया जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने ग्राम पेटला कोयलापानी निवासी युवक अजय तिर्की आ. गुल्लू को मृत घोषित कर दिया।

### अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50वें गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# पेनाल्टी शूटआउट में नीमच ने जमाया कब्जा



मंच पर उपस्थित अतिथि



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में महाजन स्टेडियम चरचा कॉलरी में भव्य और गरिमामय वातावरण में किया गया।

पिछले 5 दशकों से यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भारतीय फुटबॉल को नई दिशा देने के साथ-साथ देशभर की उभरती प्रतिभाओं को राष्टीय मंच प्रदान करती आ रही है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, सहक्षेत्र प्रबंधक चरचा माइंस आरओ संजय कुमार, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष छग फुटबॉल संघ व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बिराजी, हरि यादव, योगेश मिश्रा, केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, महेश यादव, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, प्रदीप तिवारी, संजय देवांगन, लाल मोहम्मद, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, काजल मोदी, सिमरन श्रीवास्तव, मुस्कान सिधार, थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय सहित जेसीसी मेंबर की गरिमामयी उपस्थिति रही। मैच प्रारंभ से पूर्व हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की स्काउट छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की बालिकाओं ने तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अतिथियों को साल एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात महाप्रबंधक बीएन झा ने शेषन एवं महाजन जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर फुटबॉल टूर्नामेंट का ध्वज फहराया। राष्टीय गान एवं कोल इंडिया कॉरपोरेट गीत के बाद खान में हुई दुर्घटना में मृतक कर्मियों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा फुटबाल को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया गया। टूनार्मेंट के पहले दिन उद्घाटन मुकाबला न्यू स्पोंटिंग क्लब चरचा (छग) एवं नीमच (मध्यप्रदेश) के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और स्कोर 0-0 की बराबरी पर रहा। न्यू स्पोंटिंग क्लब चरचा को गोल करने के कई अवसर मिले, परंतु वे उन्हें गोल करने में सफल नहीं हो सके। इस टूर्नामेंट के कमिश्नर अनिल कचेर है। मैच के रेफरी विशाल प्रजापति, एआर वन प्रफुल्ल, एआर टू आकाश, एआर फोर्थ आशीष तिवारी रहे। महाप्रबंधक बीएन झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। शेषन स्मृति गोल्ड कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट पिछले 5 दशकों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्टीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को नशा व अन्य कुरीतियों से दूर रखकर खेल की ओर प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन समिति को स्वर्ण जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मध्यांतर के बाद दोनों टीमें पुनः मैदान पर उतरीं। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे के खेमे में गोल करने का प्रयास करते रहे।

न्यू स्पोट्र्स क्लब लगातार प्रयास करते रही, गोल करने में पर नीमच का गोलकीपर दमदारी से गोल बचाते रहा। इसी प्रकार मैच समाप्त होने तक दोनों ही टीमों ने एक भी गोल नहीं कर पाए। जिसमें दोनों ही टीमों को पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से मैच जितने का मोका दिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में नीमच मध्यप्रदेश ने न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा ⏭ शेष पेज 4 पर



आसमान में छाया रहा बादल।

# फिर मौसम ने ली करवट दिनभर छाए रहे बादल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**


मंगलवार को सुबह से ही दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, वहीं दिन के समय हल्की धूप निकली, लेकिन दोपहर बाद से आसमान में बादलों का घना डेरा जम गया था और तेज हवाएं भी चलने लगी थी, जिसे देखकर बारिश की संभावना बनने लगी थी, लेकिन शाम ढलने तक जिले के किसी भी क्षेत्र में बारिश की खबर नहीं रही।

बादल मौसम के कारण दिनभर हल्की ठंड का असर बना रहा और अपरान्ह बाद जब हवाएं चलने लगी तो कंपकंपी ठंड का असर रहा। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। ठंड का असर कुछ कम हुआ है, अब सुबह और शाम ढलने के बाद ठंड का असर रहता है। दिन में धूप खिलने पर तेज लगना शुरू हो गया, लेकिन बीते कुछ दिनों से दिनभर आसमान में बादल छा रहे हैं। मंगलवार को भी सुबह होने के साथ ही आसमान में बादल छाए रहे और दिनभर इसी तरह की स्थिति बनी रही।

### वायरल इंफेक्शन के मरीज बढ़ रहे

बदलते मौसम के प्रभाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस समय बदल रहे मौसम के कारण कई लोग वायरल इंफेक्शन की चपेट में आ रहे हैं, इसके चलते हास्पिटल के ओपीडी में वायरल इंफेक्शन से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इस दौरान खान-पान पर विशेष सावधानी बरते जाने की जरूरत है।

# टोल प्लाजा कर्मियों की मनमानी कलेक्टर से की गई शिकायत



**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के एनएच 43 मार्ग पर ग्राम महाराजपुर बरबसपुर स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारियों के द्वारा पुराने रास्ते को बंद किए जाने पर आपत्ति जताते हुए ग्राम पंचायत लोहारी एवं महाराजपुर के सरपंच, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 10 रीना अग्रवाल, साहू संघ अध्यक्ष महेश साहू ने जनदर्शन कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ के नाम आवेदन देकर पुराने पुल के रास्ते को आवागमन के लिए खोले जाने की मांग की।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि एनएच 43 पर स्थित टोल प्लाजा महाराजपुर, बरबसपुर एवं लोहारी तीनों ग्राम पंचायत की सीमा पर लगा है जो कि महाराजपुर के धानापारा में पुराना पुल निर्मित है, जिसे टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा धानापारा के पुल को बंद कर दिया गया है, जिससे कि ग्राम पंचायत महाराजपुर, बरबसपुर लोहारी के ग्रामीणों का आना-जाना होता था वह अवरूद्ध हो गया है एवं आर्माडॉड के संकुल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए अन्यकोई रास्ता नहीं है, जिससे बरसात के दिनों में पुल का रास्ता बंद होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं।

### ससुर पर हमला करने वाली महिला गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** ससुर को जान से मारने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अगरियापारा निवासी राम नरेश अगरिया 31 जनवरी की शाम काम करके घर लौटा और अपने एक साल के पोता को गोद में लेकर खिलाने लगा। इस दौरान बच्चा गिरने जैसा हुआ तो उसकी मां पार्वती पति संदीप अगरिया ने अपने ससुर से ही गाली गलौज शुरू कर दी और उसे लात से मारा। शाम को जब ग्रामीण का पुत्र संदीप अगरिया घर आया तो उसने पत्नी को ससुर से मारपीट करने के लिए फटकार लगाई। रात 8 बजे महिला घर आई और परछी में सो रहे सुसर राम नरेश अगरिया की लकड़ी से मारपीट करने लगी। इस घटना में ग्रामीण घायल हो गया। इस घटना की शिकायत राम नरेश की पुत्र शलजा अगरिया ने पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने 23 वर्षीया पार्वती पति संदीप अगरिया को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# नशीले इंजेक्शन की तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**



नशीले इंजेक्शन की अवैध तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को थाना चरचा पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 19 मई 2025 से फरार आरोपी रमेश उर्फ नान दाऊ पनिका को 3 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रमेश उर्फ नान दाऊ पनिका पिता मांगीलाल पनिका उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी रूपनगर वार्ड क्रमांक 7 चरचा थाना चरचा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 106/25 धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। 19 मई 2025 को मुखबीर की सूचना पर थाना चरचा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए नशीले इंजेक्शन की अवैध बिक्री से जुड़े मामले का खुलासा किया गया था। इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया था, जबकि रमेश उर्फ नान दाऊ घटना के बाद से फरार हो गया था। आरोपी के पास से काफी मात्रा में नशीले इंजेक्शन (ब्यूप्रेनॉर्फिन, एविल आदि) बरामद किए गए थे। लगातार फरारी के चलते न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा विधिवत उद्घोषणा जारी कर 5,000 रूपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार दबिश, संभावित ठिकानों पर निगरानी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई को नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी रमेश उर्फ नान दाऊ पनिका की गिरफ्तारी थाना चरचा पुलिस टीम द्वारा की गई। आरोपी की तलाश के लिए लगातार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था और उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सफलता मिली। बताया गया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की जानकारी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की ⏭ शेष पेज 4 पर

# सवाल 10000 ओपन जीके प्रतियोगिता का आयोजन




**बैकुण्ठपुर।** श्री राधे सोशल वेलफेयर सोसाइटी बैकुंठपुर एवं वी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सवाल 10000 ओपन जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन 1 फरवरी को सांस्कृतिक भवन बैकुंठपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष छग वन विकास निगम एवं पूर्व गृहमंत्री राम सेवक पैकरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में (भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा एवं शारदा गुप्ता, श्रीमती लालमुनी यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव गुप्ता एवं श्रीमती विवेक सिद्दीकी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सुरभि साहू, रविशंकर महंत, अनंत गुप्ता, आदर्श सारथी, श्रद्धा यादव एवं अनन्या साहू को हॉट सीट के लिए चयनित किया गया। हॉट सीट तक पहुंचने के लिए प्रतिभागियों को फास्टर राउंड ⏭ शेष पेज 4 पर

### क्रिकेट चयन ट्रायल का आयोजन

**अंबिकापुर।** छग स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सरगुजा जिला क्रिकेट संघ द्वारा 1 फरवरी को संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। छग स्टेट क्रिकेट संघ के महिला वर्ग के चयनकर्ता अनीश राठौर, सुश्री विद्या वर्मा, अविनाश सिंह तथा टेक्निकल के तौर पर श्री जीतेन्द्र टांग शामिल हुए। इस चयन ट्रायल में जशपुर, पत्थलगांव, सूरजपुर, चिरमिरी, बैकुंठपुर, तथा अंबिकापुर से कुल मिलाकर 56 महिला खिलाडियों ने अपना ट्रायल दिया। इसमें 15 वर्ष और 19 वर्ष के आयु वर्ग के खिलाडियों के लिये निर्धारित था।

# श्रमिकों को 125 दिन रोजगार की दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**



जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम-2025 के तहत विकसित भारत जी-राम-जी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करना है। योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर पंपलेट वितरण कर श्रमिकों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। साथ ही नरेगा कार्य स्थलों पर जनसंवाद के माध्यम से श्रमिकों को यह बताया गया कि अब पूर्व में मिलने वाले 100 दिनों के रोजगार के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों में वृद्धि होगी। ग्राम पंचायत नारायणपुर, लाई, बुंदेली, बंजी, मुक्तियारपारा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में नरेगा के अंतर्गत संचालित आजीविका डबरी निर्माण कार्य एवं नवीन तालाब निर्माण कार्य स्थलों पर यह जागरूकता ⏭ शेष पेज 4 पर

### राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन, मुस्तैद रही पुलिस

# मनरेगा बचाओ संग्राम : कांग्रेसियों ने किया कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**









भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर किए जाने के विरोध में 3 फरवरी को कोरिया के ग्राम छिन्दडांड में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आमसभा आयोजित की गई।

आमसभा के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं श्रमिक जन काफी संख्या में जनसैलाब इस मनरेगा बचाओ संग्राम के आंदोलन में एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किए और महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपे। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार मनरेगा के मूल अधिकार आधारित स्वरूप को समाप्त करने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। मनरेगा जो ग्रामीण गरीबों के लिए काम की संवैधानिक गारंटी देता था, उसे अब एक सीमित प्रशासनिक योजना में बदला जा रहा है। इससे ग्रामीण मजदूरों का काम का अधिकार छीना जा रहा है और बेरोजगारी व पलायन बढ़ रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में न तो समय पर काम मिल रहा है और न ही मजदूरी की गारंटी है। मजदूरी भुगतान में देरी आम बात हो गई है और महंगाई के अनुपात में मजदूरी दर बेहद कम है। कांग्रेस ने मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम 400 प्रतिदिन मजदूरी सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही पंचायतों और ग्राम सभाओं के अधिकारों में की जा रही कटौती को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला बताया गया। ठेकेदारी व्यवस्था को बढ़ावा देकर स्थानीय श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है और राज्यों पर आर्थिक बोझ डालकर रोजगार सृजन को सीमित किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष भाजपा की केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है और जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मनरेगा बचाओ संग्राम कोरिया के प्रभारी पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष यवत सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, ⏭ शेष पेज 4 पर

### दहेज प्रताड़नाः पति समेत सास पर जुर्म दर्ज

**बिश्रामपुर।** एक नवविवाहिता को शादी के कुछ महीनों बाद ही दहेज के लालच में ससुराल से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने पूरे मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप कार्यवाही की मांग की है। लटोरी पुलिस ने बताया प्रार्थीया नेहा गुप्ता पिता बद्री प्रसाद गुप्ता 25 वर्ष निवासी अनुजनगर लटोरी ने एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है,आवेदन में नेहा ने बताया है कि उसका विवाह सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार 2025 में कृष्ण गुप्ता पिता सेवक राम गुप्ता निवासी पटोरा सरगुजा के साथ संपन्न हुआ था,शादी के बाद से ही उसका वैवाहिक जीवन प्रताड़ना और अत्याचार में बदल गया। आरोप है कि पति कृष्ण गुप्ता एवं सास शांति देवी लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे, पीड़िता के अनुसार ससुराल पक्ष द्वारा 5 लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी एवं सोने की चेन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और अंततः उसे घर से निकाल दिया गया।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान के लिए फेलोशिप से सम्मानित हुए डॉ दीपक



बिश्रामपुर। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस,रायपुर के चिकित्सा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दीपक जायसवाल को उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान एवं शैक्षणिक सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया,यह सम्मान 30 जनवरी को पटना,बिहार में आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया,इस अवसर पर देश-विदेश से आए अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं शोधकर्ता उपस्थित रहे,डॉ. दीपक जायसवाल को यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उनके निरंतर अनुसंधान, रोगी-सेवा एवं शिक्षण कार्यों के लिए दिया गया,उनके सम्मान से संस्थान एवं चिकित्सा जगत में हर्ष का माहौल है।गौरतलब है कि डॉ दीपक जायसवाल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर-बिश्रामपुर मुख्य मार्ग निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बनारसी लाल जायसवाल के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एसजीजीयू रासेयो प्रकोष्ठ ने प्रेषित की सहयोग राशि



अम्बिकापुर। पंजाब में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित पीड़ितों की सहायता हेतु संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की रासेयो प्रकोष्ठ के स्वयंसेवकों, अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा एकत्रित की गई 72497 रूपये की सहयोग राशि प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रदान की गई। राशि कुलपति एवं कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी को सौंपी गई, ताकि इसे प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष में प्रेषित किया जा सके। इस कार्य में जिला संगठक प्रो.खेमकरण अहिरवार, प्रो.विनायक साय, प्रो.नंद कुमार देवांगन तथा प्रो.सी.बी. मिश्रा ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति ने रासेयो प्रकोष्ठ के इस मानवीय एवं संवेदनशील प्रयास की सराहना की तथा कहा कि आपदा के समय पीड़ितों के लिए आगे आना रासेयो की मूल भावना को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने भी इसे सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

### बीए फाइनल के छात्र ने लड़की से वीडियो काल कर पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** बीए फाइनल के छात्र ने बीती रात एक लड़की से वीडियो कॉल कर उसके सामने ही जहर पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहसुन पाठ निवासी अरविंद यादव आ. डोमन यादव (20 वर्ष) पिछले तीन साल से शंकरगढ़ में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस वर्ष युवक बीए फाइनल में पढ़ाई कर रहा था। बीती रात युवक एक लड़की को वीडियो कॉल किया और बात करने के दौरान ही उसके सामने जहर पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक के किराए के मकान में पहुंचे जहां युवक अचेत हालत में पड़ा हुआ था। परिजन उसे तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि अरविंद पढ़ाई करने के दौरान ही लड़की को पसंद करने लगा लेकिन लड़की ने उसे इंकार कर दिया जिससे वह जहर पी लिया। परिजन ने बताया कि घटना की जानकारी लड़की ने ही उसके रिश्तेदार को फोन कर बताई जिसके बाद युवक के जहर पीने की बात पता चला। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

### जनवरी माह में भटगांव महाप्रबंधक व अन्य 18 कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

बिश्रामपुर। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के महाप्रबंधक दिलीप माधवराव बोबडे शनिवार 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए,इस अवसर पर भटगांव क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें समारोह में विदाई दी,इसी तरह जनवरी माह में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत अन्य 18 कर्मी शनिवार 31 जनवरी को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए,जिन्हें यूनिट स्तर विदाई समारोह का आयोजन कर प्रबंधन की तरफ से विदाई दी गई है,बिश्रामपुर क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में बिश्रामपुरओपन कास्ट से परितोष कुमार,अरुण तिवारी,एमडी शमीम खान,मोहन राम, गायत्री खदान से सिरधन ,जगलाल,अमेरा खदान से रामाशीष शर्मा,अश्विनी कुमार सेन,सत्येंद्र पांडेय,कुमदा 7-8 खदान से हजरत अली,राधे कृष्णा, बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से देवनारायण सिंह,हुकुम साय,उत्तम राम,बिहारी, रेहर खदान से आनंद राम,नागेंद्र प्रसाद,आरजीके सब एरिया से मोहर मनी,गायत्री खदान से जगलाल, उक्त सभी 18 कर्मियों को उनके कार्यस्थलों पर प्रमुखों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें शॉल,श्रीफल और मेडिकल कार्ड समस्त देयकों के भुगतान संबंधित पत्र और कंपनी से कोल कर्मियों को मिलने वाले उपहार सौंप विदाई दी गई।

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक

भैयाथान। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भैयाथान मंडल अध्यक्ष के रूप में अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल के नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

### कीड़े वाला भोजन देने तथा प्रताड़ना का लगाया आरोप

# छात्रावास की अव्यवस्था को लेकर छात्राओं ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

**कस्तूरबा छात्रावास की अधीक्षिका हटाई गई**



कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास में व्याप्त अव्यवस्था, कीड़े लगे भोजन और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गईं। सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच शुरू हुआ यह आंदोलन कुछ ही देर में जन आक्रोश में बदल गया। बच्चियां सड़क के बीच बैठकर कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रतापपुर का मुख्य मार्ग करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहा।

धरना प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने आरोप लगाया कि छात्रावास में उन्हें कीड़े लगा हुआ भोजन, अत्यधिक पतली दाल, बिना सब्जी का खाना और मेनू के विपरीत भोजन दिया जाता है। कई बार भोजन की मात्रा इतनी कम होती है कि भूखी सोने को मजबूर हो जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि शासन से मिलने वाली शैम्पू, साबुन, तेल, सेनेटरी सामग्री सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नियमित रूप से नहीं दी जातीं और जब वे सवाल उठाती हैं तो उन्हें डांट, डर और मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कई बार छात्रावास अधीक्षिका से शिकायत की लेकिन सुधार के बजाय प्रताड़ना और बढ़ गई। बीईओ कार्यालय, बीआरसी, जनपद और जिला स्तर तक शिकायत करने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर बच्चियों को सड़क पर उतरना पड़ा।

#### जनता का फूटा गुस्सा

आदिवासी बच्चियों को इस हालत में देखकर स्थानीय नागरिक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। लोगों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन की घोर निंदा करते हुए इसे संस्थागत अपराध करार दिया और कहा कि छात्रावास की बदहाली के लिए सीधे तौर पर बीईओ और बीआरसी जिम्मेदार हैं, जो वर्षों से समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे।

#### कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई

सूचना मिलने पर एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार चंद्रशिला जायसवाल, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभ में छात्राओं ने किसी भी अधिकारी की बात मानने को तैयार नहीं थीं। लेकिन बाद में एसडीएम द्वारा कलेक्टर से फोन पर बातचीत कराई गई तब जाकर छात्राओं ने अधिकारियों से अपनी समस्या बताई।

#### अधीक्षिका को हटा दिया गया

कलेक्टर के निर्देश पर आश्रम अधीक्षिका देवमन को तत्काल छात्रावास से हटा दिया गया है और उनके खिलाफ निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही जांच दल गठित कर जिला शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया, उन्होंने बच्चियों के बयान दर्ज किए।

ललिता भगत, एसडीएम

## प्ले हार्ड पार्टी हार्ड के साथ शुरू हुआ स्पोर्ट्स फेस्ट



हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट – 2026 के उद्घाटन के अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष उम्मेद सिंह चरन ने कहा कि खेल जीवन के प्रत्येक पायदान पर है। खेलों से प्रतिस्पर्धा, मनोरंजन के साथ शरीर को शक्ति मिलती है, जो हमें ऊर्जावान बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

■ प्रारम्भ होंगी विविध स्पर्धाएं

मुख्य अतिथि उम्मेद सिंह चरन ने झंडोत्तोलन कर स्पोर्ट्स फेस्ट का आगाज किया। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले ने कहा कि अच्छी पढ़ाई के लिए अच्छा शरीर होना आवश्यक है। खेलों से ही हमें स्वस्थ शरीर मिलता है जिसमें स्वस्थ मन, दिमाग का विकास होता है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि खेलों से हमें फिटनेस, फ्रेंड, फैमिली और फ्रीडम मिलता है। खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लें। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और गोला फेंक कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, स्लो साइकिल रेस, रस्साकशी, बैडमिंटन, शतरंज, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं खेली जायेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जगमीत कौर एवं आभार प्रदर्शन एनईपी समन्वयक डॉ.आर.एन शर्मा ने किया। इस दौरान अनिता चरन, प्रबंध समिति की सदस्य अलका इंगोले, डॉ.शैलेष देवांगन, अरविन्द तिवारी, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सेन, डॉ.दिनेश शाक्य सहित अन्य प्राध्यापक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बेसमेंट निर्माण के लिए खोदा गड्ढा, झुक गई बगल की 3 मंजिला बिल्डिंग

**अंबिकापुर।** बेसमेंट पार्किंग निर्माण के लिए मनमाने तारीक से की गई खुदाई के कारण एक बिल्डिंग गिरने की कगार पर आकर खड़ी हो गई है। खुदाई के लिए गड्ढा किए जाने के दौरान रातों रात तीन मंजिला बिल्डिंग झुक गई। शहर के बीचो बीच बिल्डिंग के झुक जाने से स्थिति बेहद खतरनाक हो गई है और दुर्घटना की संभावना बन गई है। इधर हादसे की संभावनाओं को देखते हुए मार्ग को बंद करा दिया गया है और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल को तैनात किया गया है। इधर नगर निगम द्वारा काम बंद कराने के साथ ही भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

बताया जा रहा है कि शहर के संगम चौक पर दिनेश कश्यप, मनोज कश्यप व अन्य द्वारा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और रेसिडेंशियल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन निर्माण में जी पल्स तीन के आधार पर बेसमेंट पार्किंग व ग्राउंड फ्लोर के साथ तीन मंजिला भवन का निर्माण कराया जाना है। भवन निर्माण के लिए भूमि स्वामियों द्वारा बड़ी बड़ी मशीनें लगाकर खुदाई का काम किया रहा है। जेसीबी व अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी निकाली गई है लेकिन भवन निर्माण के दौरान भूमि स्वामियों द्वारा नियम व मकानों का पालन नहीं किया गया। यही वजह है कि उक्त निर्माणाधीन भवन के बगल में मौजूद तीन मंजिला भवन पर खतरा मंडराने लगा है। संगम गली में मौजूद उक्त भवन डॉ. धनंजय प्रसाद की है। लोगों का कहना है कि रातों रात बिल्डिंग झुक गई और दरार आ गई है।

**मंडराया भवन के गिरने का ख़तरा, संगम गली में आवागमन कराया गया बंद, परमिशन के विपरीत कराया जा रहा था निर्माण, नोटिस**



#### गार्डर लगाकर टिकाया भवन

इस लापरवाही के कारण एक बिल्डिंग को झुक ही गई है लेकिन इसके अगल बगल में मौजूद भवनों पर भी खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में नगर निगम ने सुरक्षा की दृष्टि से आस पास मौजूद घरों के स्वामी बाबूलाल अग्रवाल, लेखराज अग्रवाल और केयर टेकर अशोक गुप्ता को भी सूचना देकर संभावित हादसे के मद्देनजर मकान खाली कर सुरक्षित निकलने कहा गया है। हालांकि फिलहाल इस भवन को गिरने से रोकने के लिए गार्डर लगाया गया है लेकिन यह कितना प्रयास ज्यादा समय तक भवन को गिरने से रोक पाएगा ऐसा नजर नहीं आ रहा है।

#### रुकवाया गया है काम

काम रोक दिया गया है। गड्ढे को पटवा रहे है। परमिशन के विपरीत गड्ढा खोदा गया है। पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई है। आस पास के लोगों को भी सुरक्षा की दृष्टि से जानकारी दी गई है। भूमि स्वामी को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीएन कश्यप आयुक्त ननि

गनीमत यह है कि उक्त भवन वर्षों से खाली पड़ी हुई है और मकान स्वामी परिवार के साथ दूसरे राज्य में चले गए है। हालांकि भवन की देखरेख संगम चौक निवासी अशोक गुप्ता द्वारा की जाती है। भवन झुकने के बाद स्थानीय लोगों व केयर टेकर अशोक गुप्ता ने घटना की सूचना निगम व पुलिस प्रशासन को दी गई जिसके बाद नगर निगम के भवन शाखा एवं उड़न दस्ता की टीम मौके पर पहुंची थी। मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने एसडीएम, तहसीलदार के साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई और किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए मार्ग में आवागमन बंद कराने की बात कही।

## फाइलेरिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य अमले का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केडी पैकरा के मार्गदर्शन में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन अभियान की तैयारी को लेकर बिश्रामपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया,यह प्रशिक्षण 2 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में विकासखण्ड सूरजपुर के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, मितानिनों एवं मितानिन प्रशिक्षकों को प्रदान किया गया,प्रशिक्षण का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अभियान को सफल बनाना है।



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के तीन विकासखण्ड-सूरजपुर, रामानुजनगर एवं प्रेमनगर में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा,प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। अभियान के प्रथम चरण में 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके पश्चात 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। 23 से 25 फरवरी तक अभियान के दौरान छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाएगा। अभियान अवधि में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के समीप बूथ संचालित रहेंगे। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य कर्मियों के समक्ष दवा सेवन कराना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण का संचालन विनय शर्मा प्रशिक्षण समन्वयक एवं डीएमसी धीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. अमित भगत, बीपीएम सुरेश वर्मा, एमटीएस सीके माहेश्वरी, डीके पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विकसित भारत की जी-राम-जी योजना पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज. सोनगरा

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु जी-राम-जी योजना विषय पर जरही मंडल अंतर्गत खड़गवां के मांझापारा स्थित शिव चर्चा भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी अशोक सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी एवं मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संदेश दिया गया कि विकसित भारत केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सामूहिक राष्ट्रीय अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। जिला महामंत्री श्री अशोक सिंह ने कहा कि जी-राम-जी योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आर्थिक क्रांति का मजबूत आधार है।

उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक मिश्रा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान राजू शर्मा, समयलाल मिश्रा, शुभम जायसवाल, मुरली प्रसाद चक्रधारी, फागु चक्रधारी, सुरेंद्र जायसवाल, घनश्याम सिंह, धनेश्वर सिंह, उपसरपंच ममता सिंह, दिलीप सिंह, कैलाश चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, सुरेंद्र चक्रधारी, सियाराम रजक, मोहरसाय रजक, रामकेवल, रामविलास, अंबिकेश्वर राजवाड़े, मंगल साय, जितेंद्र, अमित सिंह, वकील प्रसाद चौधरी, प्रीतम सिंह, सुमित्रा रजक, कालेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



भैयाथान। ग्राम रगदा में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा का आयोजन मुख्य यजमान शिवकुमार तिवारी एवं केवल पतीया तिवारी परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रातः ग्राम गोबरी नदी से पवित्र जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए ग्राम भ्रमण किया। युवा श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, हरि-नाम संकीर्तन और आकर्षक आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा प्रवक्ता आचार्य रघुनाथ वैष्णव महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा-रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद तथा कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है।

### माघी पूर्णिमा को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



बिश्रामपुर। माघी पूर्णिमा की पूर्व संध्या को शोभायात्रा निकालकर ग्राम सतपता में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े थीं,अन्य अतिथियों में जिपं सदस्य कलेश्वरी कुर्रे,अशोक सोनवानी पूर्व सदस्य खाद्य आयोग, पन्नालाल सोनवानी,अजय सोनवानी,राजेन्द्र हितकर उपस्थित थे,स्वागत उद्बोधन अशोक कुमार सोनवानी द्वारा दिया गया,जिसमें संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के संदेशों का वर्णन किया,मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि समाज को गुरु रविदास महाराज जी के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। जीवन में पांच बिंदु समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा व मानव धर्म के विषय पर विस्तार से जानकारी दीं। पन्नालाल, राजेन्द्र हितकर, विजय मिश्रा, गोपाल सिंह विद्रोही द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान देवलाल,देवधन बिंझिया, हरीश आदि शामिल रहे।

## रजत जयंती के पर विद्युत उपभोक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज. सलका अधिना

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने की अवसर पर डीसी केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत ज्योति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा।



मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनुज राजवाड़े और जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता सलका गुलशन कुमार और कनिष्ठ अभियंता रेवटी यशवंत देवांगन ने राज्य शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की जरूरत के हिसाब से 200 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना,एकल बत्ती कनेक्शन,कृषक जीवन ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर विस्तार से बताया कि कैसे आप इन योजनाओं से जुड़ कर विद्युत विभाग से अपना फायदा उठा सकते हैं। साथ ही लगातार दो साल तक बिजली बिल पटाने वाले उपभोक्ता,कृषक जीवन ज्योति योजना के हितग्राही और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के हितग्राहियों का मंच से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करने वाला बजट- भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पदाधिकारियों ने बजट को सपनों को साकार करने वाला बताया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मुरली मनोहर जोशी ने बजट प्रस्ताव को विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित बताया।

यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिससे समावेशी विकास पर विशेष जोर दिय गया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है।12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा। वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाकर 75 हजार रूपए करने का प्रस्ताव भी स्वागतेय है। प्रवक्ता मुकेश गर्ग ने प्रस्तुत किए गए बजट देश तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने वाला बजट बताया। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बजट को देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बजट बताया। उन्होंने बताया कि इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। शिक्षा, कौशल विकास और युवाओं के लिए किए गए प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की नींव को और सुदृढ़ करेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देना आम नागरिकों के हित में एक सराहनीय कदम है। मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों को राहत देने की मंशा बजट को जन-हितैषी बनाता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने केंद्रीय बजट देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन विकास की स्पष्ट दिशा तय करने वाला बताया है। उन्होंने इस बजट में बुनियादी ढांचे पर बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से रोजगार सृजन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर यह बजट विकास, समावेशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला है।



# किच्चा सुदीप के सिनेमा में 30 साल पूरे

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म उद्योग के सुपरस्टारों में से एक, निर्देशक और टीवी होस्ट किच्चा सुदीप ने अपने करियर के 30 साल पूरे कर लिए हैं, और अभिनेता के लिए ये किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है। जब अभिनेता ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा था, तब वे कई सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे थे। आज वे सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपने करियर में 'ईगा (मक्खी)', 'विक्रांत रोना' और 'कब्जा' जैसी बहुभाषी हिट फिल्में देने वाले अभिनेता ने 30 साल का सफर पूरा कर लिया है और वे सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और समर्थकों का आभार व्यक्त कर रहे हैं। किच्चा सुदीप ने सोशल मीडिया पर फैंस को धन्यवाद देते हुए और अपनी जर्नी को लेकर भावनाओं से भरा पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, इस अद्भुत, खूबसूरत फिल्म जगत में तीन दशकों के बाद यहां खड़े होकर मेरा दिल बस खुशी से भरा है। सपनों, शंकाओं और असीम आशाओं से भरे एक लड़के से लेकर आज जो कुछ भी यह मुकाम हासिल किया है, वह आपकी बदौलत मेरी कल्पना से कहीं अधिक बड़ा है।

## लाइफ Style

# कृति
## फैशन डिजाइनर को किया थैंक्यू पोस्ट

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बीते महीने अपनी बहन और एक्ट्रेस नुपूर सेनन की शादी धूमधाम से सेलिब्रेट की थी। शादी के बाद अभिनेत्री लगातार अलग-अलग फंक्शन से जुड़ी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन की विदाई को लेकर भी एक भावुक पोस्ट किया था, लेकिन अब उन्होंने इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए एक थैंक्यू पोस्ट किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति सेनन और उनके पूरे परिवार ने नुपूर की शादी में जितनी भी इंडियन ड्रेसेज पहनी थीं, उन्हें मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। नुपूर की शादी का लहंगा और उनके माता-पिता समेत कृति की ड्रेस भी मनीष ने खास तौर पर डिजाइन किए थे। अब कृति ने इतनी खूबसूरत इंडियन ड्रेसेज और शादी को यादगार बनाने के लिए डिजाइनर का धन्यवाद किया है। उन्होंने परिवार के साथ फोटोज पोस्ट कर लिखा, "मेरे खास दोस्त मनीष मल्होत्रा के लिए खास पोस्ट। शादी के लिए मेरे पूरे परिवार को इतने खूबसूरत ढंग से सजाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" उन्होंने लिखा, "आपने सभी के लुक को इतने प्यार, स्नेह और आशीर्वाद से कस्टमाइज किया कि दुल्हन से लेकर मेरे माता-पिता तक, जो पहली बार मनीष मल्होत्रा की ड्रेस पहनकर बेहद खुश थे, सभी खुश और सहज महसूस कर रहे थे। सबके चेहरों पर दिख रही खुशी सब कुछ बयां कर रही है। हमारे खास दिन को और भी खूबसूरत बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" बहन नुपूर की शादी के दिन कृति ने ऑफ व्हाइट और गोल्डन कलर का लहंगा पहना था, जिस पर पैच वर्क से लेकर बारीक कढ़ाई की गई थी, जबकि अभिनेत्री की मां ने पिंक और गोल्डन कलर की हैवी एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ी पहनी थी।




## हॉलीवुड मसाला



# गहरे और मुश्किल किरदार निभाना कठिन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट का कहना है कि परदे पर गहरे और मुश्किल किरदार निभाने के बाद उन्हें अपनी असली जिंदगी में लौटने में काफी मुश्किल होती है। ऑस्कर पुरस्कार जीत चुकी केट विंसलेट ने कहा कि एक कलाकार के तौर वह कुछ अनुभवों के बारे में बहुत कम बात करती हैं, क्योंकि यह बात उन्हें खुद भी कुछ ज्यादा निजी लगती है। उन्होंने बताया कि जब कोई अभिनेता बहुत कठिन किरदार निभाता है, तो उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता। उन्होंने अपनी वेब सीरीज 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' का जिक्र करते हुए कहा कि इस भूमिका ने उन्हें अंदर तक थका दिया था। केट ने बताया ऐसे किरदार निभाने के बाद उन्हें जिंदगी में फिर से "री-एंट्री" करनी पड़ती है।



# कॉस्टनर ने की नए अंदाज में वापसी

केविन माइकल कॉस्टनर हॉलीवुड के उन अभिनेताओं में गिने जाते हैं, जिन्होंने स्टारडम को शोर-शराबे के बजाय काम की गंभीरता से हासिल किया। 2000 के दशक में उनका फिल्मी करियर कुछ समय के लिए धीमा पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी सिनेमा से दूरी नहीं बनाई। 2010 के बाद उन्होंने नए अंदाज में वापसी की। टीवी सीरीज 'येलोस्टोन' में जॉन डटन की भूमिका ने उन्हें नई पीढ़ी के दर्शकों से जोड़ा और साबित किया कि उम्र अभिनय की गहराई को और मजबूत बनाती है। केविन कॉस्टनर को हॉलीवुड में एक ऐसे कलाकार के रूप में देखा जाता है जो विवादों से दूर रहकर अपने काम पर ध्यान देता है। वे अमेरिकी इतिहास, पश्चिमी संस्कृति और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कहानियों को पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में अक्सर सत्ता, नैतिकता और व्यक्ति की जिम्मेदारी जैसे विषयों को छूती हैं। इस तरह केविन कॉस्टनर केवल एक सफल अभिनेता नहीं, बल्कि हॉलीवुड के उस दौर के प्रतिनिधि हैं, जहां स्टारडम से अधिक महत्व कहानी, किरदार और विश्वसनीय अभिनय को दिया जाता था।



# निर्माता की कुर्सी पर वापस आईं सौंदर्या

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की जानी-मानी हस्ती और अनुभवी फिल्म निर्माता सौंदर्या रजनीकांत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे समय बाद वह फिल्म निर्माण की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इस बीच उन्होंने एक इवेंट में बीते सालों की यादें, संघर्ष और नई शुरुआत की झलक साझा की। दरअसल, सौंदर्या रजनीकांत निर्देशक मदन की फिल्म 'विद लव' के प्री-रिलीज इवेंट में शामिल हुईं। वह इस फिल्म की निर्माता हैं। उन्होंने कहा, 'यह पल मेरे लिए सिर्फ एक फिल्मी इवेंट नहीं, बल्कि जीवन का भावुक क्षण है। मैंने निर्देशक वेंकट प्रभु को इस कार्यक्रम में आने के लिए फोन किया था। बातचीत के दौरान वेंकट प्रभु ने मुझे याद दिलाया कि उनकी पिछली फिल्म 'गोवा' को रिलीज हुए पूरे सोलह साल हो चुके हैं।' सौंदर्या ने बताया, 'गोवा' ही वह फिल्म थी, जिसके साथ मैंने निर्माता के रूप में अपनी पहचान बनाई थी।



# ओ रोमियो का गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज

**मुंबई।** साजिद नाडियाडवाला और विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस कड़ी में मेकर्स ने नया गाना 'इश्क का फीवर' रिलीज कर दिया है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने गाया है। कुछ दिनों पहले ही अरिजीत ने घोषणा की थी कि अब वह प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले रहे हैं। इस फैसले के बीच अरिजीत का नया गाना उनके चाहने वालों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। गाने में म्यूजिक कंपोज विशाल भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं। गाने की शुरुआत में फरीदा जलाल की एक दमदार लाइन सुनाई देती है, जो धीरे-धीरे एक मधुर और रोमांटिक धुन में बदल जाती है। इसके बाद शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की केमिस्ट्री गाने के इमोशन्स को और गहरा बना देती है। यह गाना धीरे-धीरे दिल में उतरता है।

# आम्रपाली ने किया मजेदार वीडियो शेयर



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और पोस्ट के जरिए अपने फैंस के दिलों में खास मौजूदगी रखती हैं। उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर किया। दरअसल, इन दिनों सोशल मीडिया पर पंजाबी सॉन्ग 'कित्थे रह गया' काफी ट्रेंड कर रहा है। कई सेलेब्स और सोशल मीडिया यूजर्स, सेलेब्रिटी वीडियो बनाकर ट्रेंड का हिस्सा बन रहे हैं। ट्रेंड को फॉलो करते हुए अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने भी शानदार वीडियो बनाया है। वे गाने के बोल पर शानदार एक्सप्रेशन दे रही हैं और कैमरे के सामने गाने की लय के साथ चेहरे के भाव बदल-बदलकर लुत्फ उठा रही हैं।

अभिनेत्री का ये अंदाज काफी आकर्षक लग रहा है और उन्होंने वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर स्माइली इमोजी से प्रतिक्रिया दी। फैंस को ये गाने काफी पसंद आ रहे हैं। गाने में आम्रपाली का अंदाज इतना नेचुरल लग रहा है कि वे इसे काफी एंजॉय कर रहे हैं। गाना 'कित्थे रह गया' की बात करें तो इसे नीति मोहन ने अपनी मधुर आवाज में गाया, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे और संगीत अभिजीत वाघानी ने तैयार किया था।

# अभिनेत्री से साथ-साथ सफल उद्यमी पारुल

**मुंबई।** बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में लगातार अपनी अलग पहचान बना रहीं अभिनेत्री पारुल गुलाटी इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली पारुल अब थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' में नजर आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म और अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की है और इसे अपने करियर का एक बेहद खास मौका बताया। फिल्म 'तू या मैं' में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, 'आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।'

पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, 'मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है।



# तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार राशा



**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्म 'आजाद' से डेब्यू कर चुकी अभिनेत्री राशा थडानी अब तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' में नजर आने वाली हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर सामने आ चुका है। सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है।

इंस्टाग्राम पर राशा थडानी ने जो पोस्टर शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने हल्की बैंगनी रंग की ड्रेस पहनी है। उन्होंने अपने बाल खोले हैं। इसके बैकग्राउंड में गुड़हल के फूल लगे हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए राशा थडानी ने लिखा है 'श्रीनिवास मंगापुरम की मंगा से मिलिए। आभार और उम्मीद से भरे दिल के साथ, मैं तेलुगु सिनेमा में अपना पहला कदम रख रही हूं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां जमीन से जुड़ी कहानियां होती हैं। इस सफर ने मुझे अपने ऊपर यकीन करना और सब्र करना सिखाया है। उन लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर शुरुआत में भरोसा किया।'

फिल्म 'श्रीनिवास मंगापुरम' के निर्देशक अजय भूपति हैं। राशा थडानी इस फिल्म में मंगा का किरदार निभाएंगी। यह फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में जानकारी नहीं है। अजय भूपति ने पहले 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। बता दें कि राशा थडानी ने फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने भी अभिनय किया था। फिल्म का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया था। 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। राशा जल्द ही फिल्म 'लइकी लइका' में नजर आने वाली हैं।

## टीवी मसाला

# हिना खान ने शेयर की तुर्किए यात्रा की झलक, लिखा- छोटे पलों में है खुशी

**मुंबई।** हिना खान का मानना है कि खुशियां सबसे छोटे और साधारण पलों में छिपी होती हैं। अभिनेत्री ने अपनी इस्तांबुल यात्रा की एक शांत और



खूबसूरत झलक साझा की, जिसमें वह नाश्ते के दौरान पक्षियों को खाना देती दिखीं। उनके पीछे खूबसूरत हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद का नजारा भी दिखाई दे रहा था। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की शेयर किया है, जिसमें शांत सुबह का नजारा दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पक्षियों को खासकर चीज बहुत पसंद थी। ऐतिहासिक शहर की खूबसूरती का आनंद लेते हुए हिना इस पल की सादगी और शांति में खुश नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "खुशी है- हागिया सोफिया और ब्लू मस्जिद के खूबसूरत नजारे के साथ पक्षियों को खाना खिलाना। उन्हें चीज बहुत पसंद है।" हिना ने अपने पति रॉकी जैसवाल, मां और परिवार के साथ तुर्की की यात्रा की एक झलक साझा की थी।

## बिली ईलिश को 'वाइल्डफ्लावर' के लिए 'सॉन्ग ऑफ द ईयर'

# दलाई लामा ने 'मेडिटेशन्स' के लिए जीता पहला ग्रैमी

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

संगीत जगत के ऑस्कर के रूप में लोकप्रिय 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के विजेताओं की लिस्ट सामने आ चुकी है। इवेंट का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में हुआ। यहां संगीत जगत के सितारे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुए हो रहे हैं। इस बार की सबसे चर्चित जीत तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की रही। दलाई लामा का यह पहला ग्रैमी है, उन्होंने अपनी ऑडियो बुक 'मेडिटेशन्सः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग का अवॉर्ड जीता। इस कैटेगरी में केतनजी ब्राउन जैक्सन, ग्रैमी होस्ट ट्रेवर नूह और अन्य नामी हस्तियों को नोमिनेशन मिला था।



### लैमर को रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक

*68वें ग्रैमी अवॉड्र्स में कई बड़े नामों ने जीत हासिल की। एल्बम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बैड बनी को उनके स्पैनिश-लैंग्वेज एल्बम डेबी तिरार मास फोटोस के लिए मिला। रिकॉर्ड ऑफ द ईयर केंड्रिक लैमर और एसजेडए के गाने लूथर को मिला। सॉन्ग ऑफ द ईयर लेडी गागा के अब्राकाडाब्रा को दिया गया, जो उनकी क्रिएटिविटी और परफॉर्मेंस को दर्शाता है।*

### बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ओलिविया डीन ने जीता

वहीं, बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का सम्मान ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन ने जीता। बेस्ट पॉप वोकल एल्बम भी लेडी गागा के मेहेम को मिला, जो उनकी पॉप स्टाइल की मजबूती दिखाता है। 68वें ग्रैमी अवॉड्र्स में लेडी गागा, निर्माता सर्कट और जैक एंटोनॉफ ने सबसे ज्यादा सात-सात नामांकन हासिल कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। तीनों अलग-अलग संगीत शैलियों में काम करते हैं। इनके ठीक पीछे बैड बनी, लियोन थॉमस और सबरीना कारपेंटर हैं, जिन्हें छह-छह नामांकन मिले हैं। इसके अलावा, म्यूजिक फॉर जॉन विलियम्स को बेस्ट म्यूजिक फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिससे निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपना पहला ग्रैमी जीत लिया।

### के-पॉप एक्ट ने पहली बार जीता ग्रैमी

सॉन्ग ऑफ द ईयर का अवॉर्ड बिली ईलिश को उनके गाने 'वाइल्डफ्लावर' के लिए मिला। यह उनके भाई फिनियास के साथ सह-लेखन और प्रोडक्शन पर आधारित है। वहीं, के-पॉप ग्रुप से जुड़े के-पॉप डेमन हंटर्स के गाने 'गोल्डन' ने बेस्ट सॉन्ग रिटन फॉर विजुअल मीडिया का अवॉर्ड जीता। यह पहली बार है जब किसी के-पॉप एक्ट ने ग्रैमी जीता है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ देखा बजट प्रसारण

**राजपुर**। रविवार को पेश किए गए केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा के साथ ही बरियों मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देखा। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, गरीब एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की स्पष्ट झलक इस बजट में दिखाई देती है। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की ओर एक ठोस और जनकल्याणकारी कदम है। इस दौरान बरियों मंडल के प्रभारी बलवंत सिंह, मंडल के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्र ने लड़की से वीडियो काल कर पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर**। बीए फाइनल के छात्र ने बीती रात एक लड़की से वीडियो कॉल कर उसके सामने ही जहर पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहसुन पाठ निवासी अरविंद यादव आ. डोमन यादव (20 वर्ष) पिछले तीन साल से शंकरगढ़ में किराए के मकान में रहकर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इस वर्ष युवक बीए फाइनल में पढ़ाई कर रहा था। बीती रात युवक एक लड़की को वीडियो कॉल किया और बात करने के दौरान ही उसके सामने जहर पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक के किराए के मकान में पहुंचे जहां युवक अचेत हालत में पड़ा हुआ था। परिजन उसे तत्काल शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज तड़के उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि अरविंद पढ़ाई करने के दौरान ही लड़की को पसंद करने लगा लेकिन लड़की ने उसे इंकार कर दिया जिससे वह जहर पी लिया। ।

### श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बिश्रामपुर**। चार श्रम कानूनों के प्रभावी होने की आशंका और श्रम संगठनों के अस्तित्व पर संकट को लेकर भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर शेष सभी श्रमिक संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में एचएमएस कार्यालय में संयुक्त श्रम संगठनों की बैठक आयोजित की गई।श्रमिक नेता रामाशीष पॉल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएम एस, एटक,इंटक एवं सीटू के पदाधिकारियों ने हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम कानून लागू होने से मजदूरों के अधिकार प्रभावित होंगे, बैठक में एटक से पंकज गर्ग,इंटक से अजीत यादव, सीटू से अप्पा राव और एचएमएस से देवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखे और सभी संगठनों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया,बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक नेता व कोल कामगार उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की कार्यकारिणी घोषित

**अम्बिकापुर**। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी ने संगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जिसकी सूची निम्नानुसार है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डॉ.सीके मिश्रा, नवरंग लाल, महामंत्री आलोक सिंह, सचिव अमित वर्मा, सह सचिव दुर्गेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष मो.सउद अंसारी, बिजेन्द्र यादव कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष नवीन केशरी, मीडिया प्रभारी एमएस आजाद को बनाया गया है।

### रजत जयंती समारोह के तहत आयोजन

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के हितग्राही हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

छग राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विद्युत वितरण केन्द्र के कनिष्ठ अभियंता केन्द्र ग्रामीण बैकुंठपुर कार्यालय परिसर में 2 फरवरी को रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित एवं उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बीपीएल, घरेलू, गैर घरेलू, कृषि पंप कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रजत जयंती आयोजन के माध्यम से विद्युत सेवाओं के विस्तार और उपभोक्ताओं के योगदान को सराहना गया।



कार्यक्रम में उपस्थित उपभोक्ता व अधिकारी।

इस संबंध में विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा ने बताया कि रजत जयंती आयोजन का मुख्य केन्द्र स्कूली और कॉलेज के छात्र होंगे, उन्हें ऊर्जा का महत्व सौर ऊर्जा का उपयोग बिजली बचत और अक्षय ऊर्जा जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भविष्य की ऊर्जा चुनौती के प्रति जागरूक हो सकेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में छग में बिजली के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। वर्ष 2000 से जनवरी 2026 तक 25 वर्षों में विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, इस अवधि में विद्युत लाइनों का व्यापक विस्तार हुआ है और काफी संख्या में ट्रांसफार्मर एवं उपकेन्द्र स्थापित किए गए हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ हैं। सम्मान पाने वाले उपभोक्ताओं में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत अनुराग तिवारी जूनापारा, कन्हैयालाल दास जूनापारा को सम्मानित किया गया। तथा कृषि जीवन ज्योति योजना के तहत प्रदीप कुमार साहू मंडलपारा, सुखला साहू मंडलपारा को सम्मानित किया गया। वहीं घरेलू उपभोक्ता, एकल बत्ती उपभोक्ता व गैर घरेलू कनेक्शन उपभोक्ता के 5 उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवचरण साहू, बिजली विभाग के सहायक अभियंता लोकेश जांगड़े, कनिष्ठ अभियंता केशव चंद्रा, कनिष्ठ अभियंता शेखर साहू, गुल अंसारी, अभिषेक सिंह, फहद मुख्तार, शाहिद सहित काफी संख्या में विभाग के कर्मचारी, आसपास के ग्रामीण, शहरवासी उपस्थित रहे।

# कैंसर रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

जिले में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं कैंसर की रोकथाम विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालनालय महिला एवं बाल विकास छग, इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 1 से 10 फरवरी तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 3 फरवरी को शासकीय हाई स्कूल भल्लौर में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।



भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सशक्तिकरण केन्द्र के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इसके कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बताया गया कि संतुलित आहार, समय पर भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन एवं नियमित दिनचर्या अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।

# अधिकांश धान उपार्जन केंद्रों में नहीं हुआ भौतिक सत्यापन



जांच करते अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर**

प्रतापपुर सहित दवनकारा,कोटिया, जगन्नाथपुर सहित सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सहित प्रतापपुर ब्लॉक की लगभग सभी धान उपार्जन समितियों में धान की फर्जी खरीदी की खबरें आम हो चुकी थी। समितियों में कागजी उठाव और राइस मिलरों से मिलीभगत के आरोप लंबे समय से लग रहे हैं, लेकिन 31 जनवरी धान खरीदी का अंतिम दिन भी प्रशासन की चुप्पी साधे रहे जिससे कई तरह के सवाल खड़े कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र के कुछ गिनी–चुनी समितियों में ही भौतिक सत्यापन किया गया,जबकि अधिकांश समितियों को छोड़ दिया गया। जिन समितियों पर धान घोटाले का आरोप है, वहां न तो वास्तविक स्टॉक का मिलान हुआ और न ही राइस मिलों में धान पहुंचने की सच्चाई सामने आई। स्थिति यह है कि समिति प्रबंधकों, राइस मिल मालिकों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से खाली ट्रक समिति से गोदाम तक पहुंचाए जा रहे हैं और कागजों में सैकड़ों क्विंटल धान की एंट्री दिखाई जा रही है। कुछ दिन पूर्व ही प्रतापपुर के एक राइस मिल में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा था। चर्चा थी कि अब अन्य राइस मिलों और समितियों की भी परतें खुलेंगी, लेकिन एक कार्रवाई के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा और आज तक अन्य राइस मिलों पर कोई कार्रवाई न होना प्रशासन और राइस मिलरों की मिलीभगत की आशंका को और मजबूत करता है। लोगों का कहना हे कि समितियों से धान उठाव के दौरान न तो समिति में और न ही राइस मिलों में अनिवार्य भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे में बरती जा रही लापरवाही के कारण सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। जानकारों का दावा है कि यदि एक–एक समिति की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो प्रतापपुर ब्लॉक की हर समिति में धान घोटाले का खुलासा हो सकता है।

### जारी है कार्रवाई

कलेक्टर के दिशा–निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही भौतिक सत्यापन के लिए टीम गठित कर समितियों व राइस मिलों में छापामार कार्रवाई की जाएगी।

**–ललिता भगत**, एसडीएम

# प्रगति मैदान में दिखी एकता में अनेकता की झलक

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



एक देश, कई लय इसी भावना को जीवंत करता हुआ अलास्का ग्रुप ऑफ एजुकेशन का वार्षिक समारोह प्रगति मैदान में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लिटिल मिलेनियम प्री-स्कूल, अलास्का पब्लिक स्कूल और अलास्का कम्प्यूटर सेंटर के छात्र-छात्राओं ने वन नेशन, मेनी रिदम्स की थीम पर आधारित एक ऐसा भव्य सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत किया, जिसने भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शिक्षा के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के इस कार्यक्रम की थीम वन नेशन, मेनी रिदम्स सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि हमारे देश की मूलभूत पहचान है। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो इस विविधता में एकता का सम्मान करते हुए देश की प्रगति में योगदान दें। बेटियों को शिक्षित करके हम परिवार और राष्ट दोनों का भविष्य सुरक्षित करते हैं। उन्होंने संस्था के इस सामूहिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि एक ओर जहां लिटिल मिलेनियम और अलास्का स्कूल बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं, वहीं अलास्का कंप्यूटर सेंटर ने पिछले 20 वर्षों से इस क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का सराहनीय कार्य किया है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने बच्चों की प्रस्तुतियों पर मुग्ध होते हुए कहा कि आज इन नन्हें-मुन्हें बच्चों ने जिस कुशलता से देश के विभिन्न कोनों की संस्कृति को मंच पर उतारा है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी विरासत का सजीव पाठ है। कम्प्यूटर सेंटर के छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से यह सिद्ध कर दिया कि तकनीक और कला एक-दूसरे के पूरक हैं। इस एकीकृत दृष्टि के लिए अलास्का ग्रुप बधाई का पात्र है। लिटिल मिलेनियम एजुकेशन की सीनियर एकेडमिक मैनेजर श्रीमती मुनाजा शबीन ने संस्था के शैक्षणिक दर्शन को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों को कक्षा की चार दीवारी से बाहर निकालकर विश्व के मंच पर लाना है। वन नेशन, मेनी रिदम्स थीम के माध्यम से हमने बच्चों में सांस्कृतिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय गौरव का बीजारोपण किया है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि जब बच्चों को उचित मंच मिले, तो वे कैसे अपनी प्रतिभा से सबका मन मोह लेते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां रहीं। प्ले-ग्रुप के नन्हें-मुन्नों ने भारत के विभिन्न राज्यों की परिधान पहन कर जो रैंप वॉक किया, वह दर्शकों के लिए मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। इसके बाद छात्रों ने छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, गुजराती, बंगाली, राजस्थानी, असमिया और दक्षिण भारतीय नृत्यों की ऐसी सुंदर झॉकी प्रस्तुत की, मानो पूरा भारत एक ही मंच पर थिरक उठा हो। वहीं अलास्का कम्प्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी कुशलता के साथ-साथ मनोरंजन का जादू भी बिखेरा। उनकी हॉरर-कॉमेडी डांस और अन्य आधुनिक प्रस्तुतियों ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और रचनात्मकता का कोई विरोधाभास नहीं है। कार्यक्रम के दौरान पूरे शैक्षणिक सत्र में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। ग्रीन डे, दिवाली कैम्पेन, जन्माष्टमी कैम्पेन और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के चैंपियनों को पुरस्कृत किया गया। विशेष रूप से कम्प्यूटर सेंटर के छात्र हर्ष परेवा एवं छात्रा दीप्ति श्रीवास्तव को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का प्रतिष्ठित खिताब देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन का दायित्व सीएलओ स्मृति गुप्ता, कोऑर्डिनेटरस रिचा अग्रवाल, निशी विश्वकर्मा तथा शिक्षक तस्लीम मंसूरी, सुप्रिया साहू, इरम मंसूरी व तसनीम मंसूरी ने कुशलतापूर्वक निभाया।

# मेकअप-हेयर-स्किन केयर का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

वी क्लब समर्पण मनेन्द्रगढ़ की ओर से 2 फरवरी को नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में स्वावलंबनारी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करना तथा उन्हें सौंदर्य, आत्मविश्वास और स्व-रोजगार से जुड़ी व्यवहारिक जानकारियां प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण एकता ब्यूटी पार्लर की संचालिका निधि अग्रवाल रहीं, जिन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से मेकअप, स्किन केयर एवं हेयर केयर से जुड़ी आवश्यक और रोजगारोन्मुख जानकारियां साझा कीं। उन्होंने त्वचा की सामान्य समस्याएं, सही स्किन केयर रूटीन, हेयर फॉल व डैंड्रफ की देखभाल, बेसिक मेकअप तकनीक तथा पार्लर क्षेत्र में उपलब्ध स्वरोजगार के अवसरों को सरल भाषा में समझाया।

छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण को आत्मसात किया और प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी निभाई। निधि अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सौंदर्य केवल बाहरी दिखावे तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, स्वच्छता और करियर से भी जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने बताया कि निरंतर अभ्यास, सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच के साथ महिलाएं ब्यूटी इंडस्ट्री में सफल होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। नारी स्वावलंबन विषय पर उद्बोधन देते हुए अनीता फरमानिया ने कहा कि आज की छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास को भी अपनाना चाहिए। पम्मी अरोड़ा ने कहा कि छोटे-छोटे हुनर भी महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे वे समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकती हैं। इस अवसर पर वी क्लब समर्पण की अध्यक्ष बबीता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल सहित वरिष्ठ क्लब मेंबर्स इंद्रा सेंगर, अनीता फरमानिया, पम्मी अरोड़ा, प्रीति जायसवाल, प्रतिभा अग्रवाल, कविता, मंजू, वीरांगना अर्चना पोद्दार, रूपा, लीना शाह, माधुरी सहित क्लब की सभी सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायी संदेशों और छात्राओं के उत्साह के साथ हुआ, जिसने नारी स्वावलंबन की भावना को और अधिक सशक्त किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पेनाल्टी शूटआउट ...

को 4-3 से मैच को हरा दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नीमच के गोलकीपर को मुख्य अतिथि के हाथों दिया गया। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोजकों ने नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा इस ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है। 4 फरवरी को समलेश्वरी स्पोर्टिंग, संबलपुर (ओडिशा) एवं आरटी बॉयज, हैदराबाद (तेलंगाना) के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।

### नशीले इंजेक्शन ...

जा रही है, जिससे नशीले इंजेक्शन की सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे ने इस कार्रवाई को नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता बताते हुए टीम को सराहना दी है। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, एसाई अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी, आरक्षक राजेन्द्र सिंह, साकेत प्रकाश सिंह, सैनिक सतीश सिंह का अहम योगदान रहा।

### सवाल 10000 ओपन ...

से गुजरना था। जनरल नॉलेज के सरल प्रश्नों के पहले पड़ाव को पार करते हुए सुरभि साहू ने सफलता प्राप्त की और 500 नगद पुरस्कार जीता, जबकि अन्य प्रतिभागी पहले पड़ाव तक नहीं पहुंच सके। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। इसके पश्चात सैम करन, चर्चा रैप सांग सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजीव गुप्ता, सुभाग सुर्वे, सुंदर साहू, सम्वर्त कुमार, लक्ष्मी बघेल, मधु गुप्ता एवं विवेक सिद्दीकी ने अपने गीतों से समा बांधे रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनेन्द्रगढ़ के कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष रूप से सराही गइं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रुचि बड़ेरिया, विजय सिंह ठाकुर, नासिर रिजवान खान, वी क्लब अध्यक्ष बलजीत कौर एवं वी क्लब के समस्त सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### श्रमिकों को 125 दिन ...

कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यस्थलों पर कुल 110 पुरूष एवं 108 महिला श्रमिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को विकसित भारत जी-राम-जी योजना के अंतर्गत मजदूरी भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान, जनसंवाद एवं जनसहभागिता की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। श्रमिकों को उनके अधिकारों, कार्य प्रणाली एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लाभों से भी अवगत कराया गया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम ...

कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जिला प्रभारी अनुपम फिलिप, बंस गोपाल, मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कलावती मरकाम, अजीत लकड़ा, संजोती मरकाम, चांदनी सोनी, संगीता राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बैकुंठपुर बिहारी लाल राजवाड़े, सांसद प्रतिनिधि अविनाश पाठक, आशीष डबरे, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित कांग्रेस पार्टी के समस्त प्रकोष्ठों के अन्य वरिष्ठ नेता गण शामिल रहे।




*__अंबिकापुर__। स्कूलों में बच्चों के साथ हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर शहर के बीच मौजूद स्कूल में मासूम बच्चे पर 13 डंडे बरसाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत परिजन ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है जिसके बाद डीईओ ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर दिया है। जांच टीम के रिपोर्ट के बाद आगे के कार्रवाई की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि विजय चौधरी का 12 वर्षीय पुत्र शहर के प्रतापपुर रोड स्थित होली होम एकेडमी में कक्षा 6वीं में पढ़ाई करता है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त